भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

वित्तीय सेवाएं विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2537**

जिसका उत्तर सोमवार, 9 मार्च, 2026/18 फाल्गुन, 1947 (शक) को दिया गया

**रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)**

2537. डॉ. जयंत कुमार रायः
श्री गजेन्द्र सिंह पटेलः
श्री दिलेश्वर कामैतः
श्री बसवराज बोम्मईः
श्री अशोक कुमार रावतः
श्री राहुल सिंह लोधीः
श्री रोडमल नागरः
श्री कृपानाथ मल्लाह:
श्री अभिमन्यु सेठीः
श्री मती डी.के. अरुणाः
श्रीमती बिजुली कलिता मेधीः
श्री नीरज मौर्यः
श्री भरतभाई मनुभाई सुतारियाः

क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) वर्ष 2025 में जारी किए गए नए रुपे किसान क्रेडिट कार्डों (केसीसी) की राज्यवार/संघ राज्यक्षेत्रवार संख्या कितनी है, और गुजरात के अमरेली लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र तथा असम का जिलावार डेटा क्या है;

(ख) उक्त कार्डों के अंतर्गत सक्रिय कुल क्रेडिट सीमा कितनी है;

(ग) क्या केसीसी लाभार्थियों के बीच कृषि उत्पादकता में वृद्धि, आय स्थिरता और अनौपचारिक ऋण स्रोतों पर निर्भरता में कमी के संबंध में कोई साक्ष्य है;

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी राज्यवार ब्यौरा क्या है और पश्चिम बंगाल का जिलावार डेटा क्या है; और

(ङ) केसीसी के माध्यम से जनवरी 2026 तक किए गए डिजिटल लेनदेन की राज्यवार और विशेषकर उत्तर प्रदेश के आंवला, शाहजहांपुर और बदायूं लोक सभा निर्वाचन क्षेत्रों के संदर्भ में संख्या कितनी है, साथ ही प्रत्यक्ष कृषि इनपुट (बीज,उर्वरक और कीटनाशक) की खरीद और ऋण चुकाने के लिए किए गए उक्त लेनदेन का प्रतिशत क्या है?

**उत्तर**

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री पंकज चौधरी)

(क) और (ख) भारतीय रिज़र्व बैंक (आरबीआई) और राष्ट्रीय कृषि और ग्रामीण विकास बैंक (नाबार्ड) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, 31 दिसंबर 2025 तक प्रत्येक राज्य/संघ राज्य क्षेत्र में परिचालनरत कुल किसान क्रेडिट कार्ड और बकाया राशि (रुपे किसान क्रेडिट कार्ड सहित) का ब्यौरा **अनुबंध-I** में दिया गया है। इसके अतिरिक्त, गुजरात और असम के राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, वर्ष 2025 में गुजरात और असम, गुजरात के अमरेली जिला और असम के सभी जिलों में जारी किए गए नए रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) का

ब्यौरा **अनुबंध-II** में दिया गया है। केसीसी के अंतर्गत सभी पात्र किसानों के लिए ऋण सीमा फसलों के वित्त मान, कृषि के अंतर्गत आनेवाले क्षेत्र, फसल पैटर्न और संबंधित आवश्यकताओं के अनुसार निर्धारित की जाती है।

(ग) और (घ) किसान क्रेडिट कार्ड जारी करने और संबंधित संवितरण में विस्तार के साथ-साथ कृषि के लिए बुनियादी स्तर पर ऋण प्रवाह में लगातार वृद्धि, संस्थागत ऋण तक बेहतर पहुंच का संकेत देती है। यह, बदले में, बेहतर निविष्टि उपयोग का समर्थन करता है, चलनिधि संबंधी बाधाओं को कम करता है और केसीसी लाभार्थियों की खपत और विपणन आवश्यकताओं को सुविधाजनक बनाता है।

(ङ) नेशनल पेमेंट कॉर्पोरेशन ऑफ इंडिया (एनपीसीआई) द्वारा दी गई सूचना के अनुसार, देश में वित्तीय वर्ष 2025-26 (31 जनवरी 2026 तक) में रुपे केसीसी कार्ड के माध्यम से रिपोर्ट की गई डिजिटल लेनदेनों की कुल संख्या 122.49 करोड़ रुपए के मूल्य के साथ 4.10 लाख है। केसीसी के माध्यम से किए गए डिजिटल लेनदेनों का राज्य/जिला-वार ब्यौरा एनपीसीआई द्वारा नहीं रखा जाता है।

****

**अनुबंध-I**

**“ रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)” के संबंध में दिनांक 09.03.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.2537 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**परिचालनरत केसीसी खाते और बकाया राशि का ब्यौरा**

**(वास्तविक संख्या और राशि करोड़ रुपए में)**

| राज्य | कुल परिचालनरत केसीसी खाते | |
|---|---|---|
| | संख्या | बकाया राशि |
| अंडमान और निकोबार द्वीप समूह | 8,980 | 23 |
| आंध्र प्रदेश | 46,50,958 | 68,110 |
| अरुणाचल प्रदेश | 23,713 | 294 |
| असम | 4,98,108 | 3,600 |
| बिहार | 22,59,036 | 16,355 |
| चंडीगढ़ | 739 | 89 |
| छत्तीसगढ | 19,73,475 | 15,231 |
| दादरा और नगर हवेली और दमन और दीव | 1,202 | 38 |
| गोवा | 9,540 | 124 |
| गुजरात | 32,56,598 | 77,418 |
| हरियाणा | 23,51,039 | 53,399 |
| हिमाचल प्रदेश | 5,24,328 | 10,149 |
| जम्मू और कश्मीर | 11,16,132 | 7,775 |
| झारखंड | 9,16,330 | 5,548 |
| कर्नाटक | 57,81,201 | 67,403 |
| केरल | 22,76,340 | 43,642 |
| लद्दाख | 28,041 | 284 |
| लक्षद्वीप | 3,375 | 34 |
| मध्यप्रदेश | 64,17,424 | 86,995 |
| महाराष्ट्र | 68,05,090 | 79,911 |
| मणिपुर | 17,917 | 121 |
| मेघालय | 91,643 | 655 |
| मिजोरम | 37,367 | 384 |
| नगालैंड | 40,167 | 272 |
| राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली | 2,147 | 36 |
| ओडिशा | 42,07,594 | 25,502 |
| पुदुचेरी | 13,744 | 300 |
| पंजाब | 21,31,833 | 52,377 |
| राजस्थान | 71,36,374 | 1,11,186 |
| सिक्किम | 9,957 | 80 |
| तमिलनाडु | 37,72,068 | 47,849 |
| तेलंगाना | 47,44,737 | 52,352 |
| त्रिपुरा | 1,64,213 | 484 |
| उत्तर प्रदेश | 1,04,45,486 | 1,37,896 |
| उत्तराखंड | 5,02,984 | 5,825 |
| पश्चिम बंगाल | 32,62,129 | 14,281 |

*स्रोत: आरबीआई और नाबार्ड;*

**: अनंतिम आंकड़े ।*

**अनुबंध-II**

**"रुपे किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी)" के संबंध में दिनांक 09.03.2026 को पूछे गए लोक सभा अतारांकित प्रश्न सं.2537 के भाग (क) और (ख) के उत्तर में उल्लिखित अनुबंध**

**वर्ष 2025 के दौरान असम और गुजरात राज्यों में जारी किए गए रुपे किसान क्रेडिट कार्ड का ब्यौरा**

**(वास्तविक आंकड़े)**

| राज्य/जिला | जारी किए गए रुपे केसीसी |
|---|---|
| गुजरात राज्य | 823362 |
| गुजरात का अमरेली जिला | 32549 |

| असम के जिले-वार डाटा | जारी किए गए रुपे केसीसी |
|---|---|
| बजाली | 1595 |
| बक्सा | 1036 |
| बारपेटा | 3942 |
| बिश्वनाथ | 2869 |
| बोंगईगांव | 1406 |
| कछार | 2917 |
| चराइदेव | 752 |
| चिरांग | 1122 |
| दरांग | 3732 |
| धेमाजी | 1558 |
| धुबरी | 3295 |
| डिब्रूगढ़ | 4306 |
| दिमाहासाओ | 49 |
| गोलपाड़ा | 2187 |
| गोलाघाट | 2419 |
| हैलाकांडी | 2375 |
| होजाई | 1534 |
| जोरहाट | 3837 |
| कामरूप | 4697 |
| कामरूप मेट्रो | 782 |
| कार्बिआंगलोंग | 1339 |
| कोकराझार | 3724 |
| लखीमपुर | 4383 |
| माजुली | 461 |
| मोरीगांव | 3862 |
| नगांव | 5387 |
| नलबाड़ी | 2819 |
| शिवसागर | 2416 |
| सोनितपुर | 3174 |
| दक्षिण सलमारा | 13 |
| श्रीभूमि | 886 |
| तामुलपुर | 149 |
| तिनसुकिया | 5645 |
| उदलगुड़ी | 1316 |
| पश्चिम कार्बिआंगलोंग | 723 |

*स्रोत: गुजरात और असम के राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति (एसएलबीसी)*